कूनो नेशनल पार्क में बनेगा देश का पहला 'चीता सफारी'

चर्चा में क्यों?

19 दसिंबर, 2023 को मीडयिा से मलिी जानकारी के अनुसार मध्य प्रदेश के कूनो नेशनल पार्क में अब 'चीता सफारी' बनाया जाएगा। यह देश का पहला 'चीता सफारी' होगा।

प्रमुख बदिुः

- कूनो नेशनल पार्क में 'चीता सफारी' बनाने की अनुमति के लिए सेंट्रल ज़ू अथॉरिटी को पत्र भेजा गया था, जिस पर अब सैद्धांतिक मंज़ूरी मिल गई है। मुकुंदपुर की 'सफेद बाघ सफारी' की तरह यहां भी पर्यटक चीता सफारी का आनंद ले सकेंगे।
- कूनो नेशनल पार्क में एक इंटरप्रटिेशन सेंटर भी बनाया जाएगा, ताकि पर्यटक भ्रमण कर चीतों के विषय में जानकारी हासिल कर सकें। साथ ही कूनो नेशनल पार्क में उपलब्ध विभिन्न जानवर, पक्षी आदि के विषय में भी पर्यटकों को बताया जाएगा।
- शुरुआती आकलन में चीता सफारी के निर्माण की लागत 50 करोड़ आंकी गई है। इसके निर्माण में दो वर्ष का समय लग सकता है। 'चीता सफारी' का क्षेत्र 181.17 हेक्टेयर होगा, जिसमें 124.94 कूनो वनमंडल का वन क्षेत्र होगा। सफारी में 4 से 6 चीते छोड़े जाएंगे।
- इस प्रोजेक्ट को चीता सफारी कम टूरिस्ट फैसलिटिशन सेंटर कम इंटरप्रटिेशन सेंटर (चीता सफारी सह पर्यटक सुविधा केंद्र सह व्याख्या केंद्र) नाम दिया गया है।
- विदित हो कि कूनो नेशनल पार्क में पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए म.प्र. पर्यटन बोर्ड की ओर से कूनो फॉरेस्ट फेस्टविल मनाया जा रहा है। इसके लिए रानीपुरा में निजी कंपनी ने टेंट सिटी तैयार की है, जिसमें हॉट एयर बैलून, पैरामोटरिंग, जंगल सफारी जैसी गतिविधियां होंगी।

//

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/country-s-1st-cheetah-safari-will-be-built-in-kuno-national-park